तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 10 मई, 2025

11 फूड टेक्नोलॉजी को 25 लाख के उपकरण...


11 अग्रोहा टीले की खुदाई में मिलने वाली चीजें अग्रोहा...


### 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू की थी फ्लाइट सेवाएं

# भारत-पाक के बीच तनाव से हिसार एयरपोर्ट से सभी विमान सेवाएं रद



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।



हिसार। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट। फोटो : हरिभूमि

## आज और कल जिले के सभी सरकारी व गैर-सरकारी स्कूल रहेंगे बंद, अब केवल एयर वार्निंग की स्थिति में ही किया जाएगा सायरन का प्रयोग, जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत-पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के बीच हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से सभी विमान सेवाएं रद कर दी गई हैं। इसके चलते शुक्रवार सुबह अयोध्या और दोपहर दिल्ली के लिए फ्लाइट जानी थी लेकिन एयरलाइंस की तरफ से समय से पहले ही फ्लाइट रद होने की सूचना जारी कर दी गई। एयरलाइंस की ओर से यात्रियों दिए गए संदेश में कहा गया है कि हवाई यात्रा के लिए आप अपनी यात्रा का समय बढ़ा सकते हैं या टिकट के पैसे वापस भी ले सकते हैं। ऐसे में यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा नहीं मिल पाएगी। एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सप्ताह में दो बार अयोध्या और दिल्ली के लिए विमान सेवाएं हैं। हिसार एयरपोर्ट से 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर विमान सेवाएं शुरू की थी। तब से यह हवाई सुविधाएं चल रही है। दिल्ली से हिसार का समय 9.30 बजे है, जो हिसार 10.10 बजे पहुंचती है वहीं हिसार से अयोध्या 10.35 बजे है, जो अयोध्या 12.35 बजे पहुंचती है। ऐसे ही अयोध्या से हिसार दोपहर 1 बजे है, जो हिसार दोपहर 3 बजे पहुंचती है। हिसार से दिल्ली दोपहर 3.25 बजे, जो दिल्ली 4.05 बजे पहुंचती है।

## डीसी ने दिए लघु सचिवालय में एक वॉर रूम स्थापित करने के निर्देश

हिसार। भारत-पाक के बीच चल रहे तनाव को देखते शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए संबंधित विभागों से अपडेट लिया गया और उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। इस उच्चस्तरीय बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए डीसी यादव ने कहा कि जिले में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए संबंधित विभागों के कर्मचारियों की कभी भी आवश्यकता पड़ सकती है। इसलिए कार्यालयों में ड्यूटी समय के उपरांत भी शिफ्ट के अनुसार कर्मचारियों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए।

### डीसी यादव की जनता से अपील

उपायुक्त ने जनता से अपील की है कि वे प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करें और रात के समय आउटडोर लाइटिंग बंद कर ब्लैकआउट को प्रभावी बनाने में मदद करें। उक्त व्यवस्थाएं एहतिहात के तौर पर की जा रहीं हैं। इसलिए आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी से अनुरोध किया गया है कि प्रशासन द्वारा जारी अधिकारिक सूचनाओं व निर्देशों का पालन करें।

### एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाया

सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों, सिविल एविएशन, आर्मी व प्रशासनिक इकाइयों को जोड़ते हुए एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं की रियल टाइम अपडेट साझा की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने स्पष्ट किया कि जिले में अब सामान्यतः कोई सायरन नहीं बजाया जाएगा, बल्कि केवल एयर वार्निंग की स्थिति में ही सायरन का प्रयोग किया जाएगा ताकि नागरिकों में भ्रम की स्थिति न बने।

### आदेश मिलते ही स्ट्रीट लाइट्स बंद करने के लिए रहे सतर्क

नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और एचएसवीपी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेश मिलते ही स्ट्रीट लाइट्स बंद करने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बिजली निगम को निर्देशित किया गया है कि प्रशासन के आदेश मिलते ही वो बिजली ग्रिड को बंद करने की प्रक्रिया के लिए पूरी तरह तैयार रहें, जिससे ब्लैकआउट प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

## बंद आवास से सिलेंडर व नकदी चुराने वाले 2 युवक काबू

हांसी। न्यू सुभाष नगर कॉलोनी में चोरी करने आए तीन युवकों में से लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया जबकि एक युवक फरार हो गया। पकड़े गए युवक हांसी के पास के गांव के रहने वाले हैं। चोरी की नीयत से घर में घुसे युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

- 2 दिन बाद दोबारा चोरी करने पहुंचे तो लोगों ने पकड़ पुलिस को सौंपे

पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार न्यू सुभाष नगर में आफिस नामक व्यक्ति पहली मंजिल पर किराए के कमरे में रहता है। बुधवार को चोरों ने उसके कमरे का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और 5 हजार रुपये चुरा लिए थे। घटना पास के मकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। शुक्रवार दोपहर को तीन युवक फिर चोरी के इरादे से वहां आए। और उनमें से दो युवक पहली मंजिल पर चढ़कर कमरे का ताला खंगालने लगे। लेकिन मकान के नीचे बैठे लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। वहीं कुछ देर बाद स्कूटी पर सवार होकर दो युवक आए और पकड़े गए युवक को छुड़ाने का प्रयास किया तो लोगों ने उनमें से एक और युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि तीन दिन पहले चुराए गए सिलेंडर को उन्होंने गैस गोदाम में बेच दिया था। लोगों के अनुसार पकड़े गए युवक नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए पैसे जुटाने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही थी।

## पिज्जा स्टोर पर हमला करके नकदी लूटी, दो पर केस दर्ज

बरवाला। बरवाला में पिज्जा स्टोर पर हमला करके नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों पर केस दर्ज किया है। इन दोनों ने स्टोर में तोड़फोड़ करके नकदी लूटी थी। बरवाला पुलिस को दी शिकायत में बरवाला निवासी राजवीर ने बताया कि वह लास्ट बाइट नाम से पिज्जा-बर्गर का स्टोर चलाता है। गत दिवस शाम के समय राजवीर अपने ताऊ के बेटे नरेंद्र और दोस्त प्रतिश अग्रवाल के साथ स्टोर के ऊपर बने कमरे में बैठे थे। अचानक बलविंदर गुस्से में कमरे में घुसा और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब राजवीर, नरेंद्र और प्रतिश ने इसका कारण पूछा और उसे शांत करने की कोशिश की तो बलविंदर ने उनकी बात अनसुनी कर राजवीर के साथ मारपीट शुरू कर दी। नरेंद्र, प्रतिश ने बीच-बचाव कर बलविंदर को हटाया जिसके बाद राजवीर अपनी जान बचाकर नीचे स्टोर के काउंटर पर आकर बैठ गया। बलविंदर ने नीचे बनी जिम से अपने साथी शुभम को बुलाया। शुभम अपने साथ जिम से लकड़ी का मुगदर लाया। दोनों स्टोर में घुसे, जहां बलविंदर ने राजवीर के मुंह पर मुक्का मारा और शुभम ने मुगदर से स्टोर का शीशा तोड़ दिया। बचाव के दौरान बलविंदर ने टूटे गेट के हैंडल से राजवीर के सिर पर वार करने की कोशिश की। राजवीर ने अपने हाथों से बचाव किया, लेकिन उनके दाहिने हाथ पर गंभीर चोट आई। हमलावरों ने स्टोर के काउंटर से करीब 23 हजार रुपये भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। राजवीर को सीएचसी बरवाला ले गए, जहां से उन्हें हिसार के सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## घर में घुसकर किया हमला, मां-बेटा घायल

बरवाला। क्षेत्र के गांव ढाणी खानबहादुर में एक पारिवारिक विवाद में मां और बेटा घायल हो गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-मुक्कों से हमला कर दिया। इस दौरान एक आरोपी ने पिस्तोल निकालने की कोशिश की लेकिन पड़ोसियों के हस्तक्षेप के कारण वह नाकाम रहा। ढाणी खानबहादुर निवासी संदीप कुमार ने बरवाला पुलिस को बताया कि वह फर्नीचर का काम करता है। गत दिवस दोपहर के समय जब संदीप उनके ताऊ का बेटा सुनील, माता सुदेश देवी और पिता घर पर बैठे थे। उसी समय संदीप का भाई कुलदीप, साला भजनलाल, अन्य व्यक्ति संदीप, कुलदीप, बंशी, भाई की पत्नी माया देवी और संदीप की पत्नी दर्शना वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी ने आते ही गाली-गलौच शुरू कर दी। भजनलाल ने संदीप की माता सुदेश देवी को धक्का मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गईं। इसके बाद माया देवी और दर्शना ने सुदेश देवी को पकड़ लिया। भजनलाल और बंशी ने संदीप पर लाठी से हमला किया, जबकि दूसरे संदीप ने उसे मुक्का मारा। कुलदीप ने संदीप को दबोच लिया और अपनी लोअर से पिस्तोल निकालने की कोशिश की। इस दौरान बच्चों के शोर मचाने और पड़ोसियों के मौके पर पहुंचने के कारण कुलदीप पिस्तोल नहीं चला सका। इसके बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए, लेकिन जाते-जाते संदीप को जान से मारने की धमकी दी। घायल संदीप को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिसाय ले जाया गया। उसके बाद हिसार के नागरिक अस्पताल रेफर किया गया है।

### पुलिस ने की अपील, अफवाहों पर ध्यान न दें

# सोशल मीडिया की खबरों की पुष्टि करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पुलिस प्रशासन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सावधान रहें, घबराए बिल्कुल भी नहीं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, एक्स (ट्विटर), फेसबुक आदि पर फैली खबरों की पुष्टि करें। बिना पुष्टि किसी भी खबर को फॉरवर्ड न करें। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने शुक्रवार को कहा कि सबसे पहले जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। घर में सबसे सुरक्षित



शशांक कुमार सावन, एसपी, हिसार।

कमरा पहचानें (जहां खिड़कियां न हों)। बाहर हों तो पास के मजबूत ढांचे या निचली जगह में लेट जाएं। तत्काल रिकॉर्डिंग या वीडियो बनाने के लिए बाहर न दौड़ें। इमरजेंसी किट तैयार रखें, पहचान पत्र, जरूरी दवाइयां, पानी, सूखा खाना, मोबाइल चार्जर, फ्लैशलाइट एक किट बैग में रखें जो तुरंत उठाकर निकला जा सके। उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचें, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें। सरकारी ऐप (एनडीएमए), एआईआर, और डीडी न्यूज जैसे विश्वसनीय स्त्रोतों से ही अपडेट लें। सोशल मीडिया जैसे वट्सअप, ट्विटर या फेसबुक पर फैली खबरों की पुष्टि करें। उन्होंने कहा कि पूजा, प्रार्थना या ध्यान करें। बच्चों से डर की बात नहीं, दिनचर्या बनाए रखें। उन्हें खेल, पढ़ाई, कहानियां आदि में व्यस्त रखे। समुदाय के साथ जुड़ें। पड़ोसियों से संपर्क रखें, बुजुर्गों की सहायता करें। कोई भी संदिग्ध चीज दिखे तो पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर डालें।

### एसपी ने बंधाई हिममत

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें यह याद रखना है कि हिम्मत शोर नहीं करती, तैयारी करती है। अपने भीतर डर को जगह न दें, बस तैयारी रखें। रोज़ जीवन की एक चीज़ पर ध्यान दें जो आपको ख़ुशी देती हो। जैसे संगीत, खाना बनाना, किताबें, या बच्चों के साथ समय।





पृथ्वी पर 60,000 से अधिक ज्ञात वृक्ष प्रजातियां हैं।



अफ्रीका के सूखे मैदानों में पाए जाने वाले मोजावे रेगिस्तान के हॉजक्विन पेड़ को 'चलने वाला पेड़' कहा जाता है।

# कैट परीक्षा पास कर जुड़ सकते हैं कॉर्पोरेट जगत से



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आईआईएम और देश के अन्य सभी अच्छे बी-स्कूल के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले एमबीए और पीजीपी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जाती है जिसे कैट कहा जाता है। प्रतिवर्ष लाखों छात्र स्नातक पास करते है। इनमें से बहुत से छात्रों का सपना होता है कि वे कॉर्पोरेट जगत के साथ जुड़कर अपना कॅरियर सेट करें और बड़े पदों पर नियुक्त होकर खूब पैसा कमाएं। इस सपने को पूरा करने के लिए मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) एक शानदार विकल्प है।

## लाखों अभ्यार्थी देते परीक्षा

एम.बी.ए. कोर्स कई संस्थानों में उपलब्ध है मगर भारत में आई.आई.एम. की तरफ आयोजित कैट परीक्षा को सबसे अधिक अहम माना जाता है। कैट की परीक्षा में हर साल लाखों अभ्यर्थी हिस्सा लेते है, इसलिए छात्रों के लिए परीक्षा पास करना सरल नहीं होता है। परीक्षा पास करने के लिए छात्रों को निरंतर तैयारी करनी होती है। आईआईएम के अतिरिक्त कुछ ऐसे कॉलेज है जो कैट स्कोर के आधार पर उम्मीदवारों को एडमिशन देते हैं जिनकी सूची इस प्रकार है।

- एस. पी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग

## आवेदन शुल्क



अगर परीक्षा पैटर्न के बारे में बात करें तो प्रश्न पत्र में कुल छात्र सवाल आते हैं और इस प्रश्न पत्र को हल करने के लिए उम्मीदवारों को 2 घंटे का समय दिया जाता है। यदि इसकी वैलिडिटी की बात करें तो कैट स्कोर एक साल के लिए वैध रहता है। यह परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की जाती है। कैट परीक्षा के लिए योग्यता की बात करें तो हिस्सा लेने वाले उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 50% अंक के साथ स्नातक पास होने चाहिए (एससी, एसटी और दिव्यांग के लिए यह 45%) तय किया गया है। जो छात्र ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर में है वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर इस परीक्षा में निर्धारित किए गए आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुल्क दो हजार तय किया गया है वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 1,150 रुपये देने होते हैं।

## एग्जाम के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदक भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज/यूनिवर्सिटी से किसी भी स्ट्रीम में 50 % अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि आवेदक एससी एसटी पीडब्ल्यूडी श्रेणी से है तो उनके लिए आरक्षण के तहत अंकों में 5% की छूट दी गई है। ऐसे में ये सभी छात्र 45% अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपने स्नातक के फाइनल ईयर में है तो वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है।
- यदि अभ्यर्थी विदेशी नागरिक हैं तो वह पीआईओ या एनआरआई श्रेणी के तहत कैट एग्जाम के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- कैट परीक्षा के लिए कोई भी आयु सीमा तय नहीं की गई है यानी कि किसी भी उम्र का व्यक्ति कैट परीक्षा दें सकता है।
- परीक्षा कितनी बार एटेम्पट की जा सकती है इस पर भी कोई बाध्यता नहीं है। कोई भी छात्र जितनी बार चाहे यह परीक्षा दें सकता है।

### परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन

- कैट एग्जाम के रजिस्ट्रेशन के लिए आपको सबसे पहले कैट एग्जाम की वेबसाइट **https://iimcat.ac.in/** पर जाना होगा।
- वेबसाइट पर आने के बाद आपको दिए गए रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करना होगा।
- रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करने के बाद आपके सामने आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- फॉर्म खुल जाने के बाद आपको इसमें सभी जरूरी जानकरियों को दर्ज करना होगा।
- जानकारी सावधानीपूर्वक भरने के बाद आपको सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करना होगा।
- डॉक्यूमेंट अपलोड हो जाने के बाद आपको रजिस्ट्रेशन शुल्क की ऑनलाइन पेमेंट करनी होगी।
- आप फीस का भुगतान नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई आदि के माध्यम से कर पाएंगे।
- फीस का भुगतान करने के बाद आपको फॉर्म का प्रीव्यू कर सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा।
- जैसी ही आप सब्मिट के बटन पर क्लिक करेंगे आपका फॉर्म ऑनलाइन जमा हो जायेगा।
- इस प्रकार आप ऑनलाइन माध्यम से कैट एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

## भारत में सदियों से चली आ रही आभूषण बनाने और डिजाइन करने की कला

# 10वीं के बाद करें ज्वेलरी डिजाइनिंग का कोर्स, कमाई के मिलेंगे बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

ज्वेलरी डिजाइनिंग आभूषणों को डिजाइन करने और बनाने की कला है। महिलाओं और पुरुषों द्वारा ज्वेलरी पहनने का प्रचलन मेसोपोटामिया और मिस्र की कम से कम 7,000 साल पुरानी सभ्यता से है। ज्वेलरी डिजाइनिंग के पारंपरिक विधि हाथ से चित्रकारी और ड्राफ्टिंग आज भी आभूषणों को डिजाइन करने में उपयोग में लिए जाते हैं। हालाँकि वर्तमान में ज्वेलरी डिजाइनिंग के तरीके काफ़ी बदल गए हैं। भारतीय ट्रेडिशन में गहनों को पवित्र और कीमती माना जाता है। आभूषण महिलाओं के श्रृंगार का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालाँकि प्राचीन काल में इनका स्वरूप मोती मणियों के आभूषण के रूप में था, जो अब बदल कर सोने-चांदी के आभूषण बन गए हैं। इन आभूषणों को बनाने का तरीका ही ज्वेलरी डिजाइनिंग कहलाता है। 20वीं सदी के दौरान ज्वेलरी

## गहनों को माना जाता है पवित्र और कीमती



## क्यों करें ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स

- ज्वेलरी डिजाइन में छात्रों को ज्वैलरी क्रिएशन और डिजाइनिंग और ज्वैलरी डिजाइनिंग में महत्वपूर्ण सभी पहलुओं का ज्ञान प्राप्त होता है।
- ज्वेलरी डिजाइन कोर्स में मेटलर्जी, आभूषण डिजाइनिंग, डायमंड ग्रेडिंग और सॉर्टिंग, सीएडी , पोर्टफोलियो डेवलपमेंट, जेमोलॉजी, बीडिंग आर्ट आदि विषयों और विषयों के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं।



- ज्वेलरी डिजाइन कोर्स पूरा करने के बाद, किसी ब्रांड या कंपनी में नौकरी करने के बजाय, कोई भी अपना खुद का एक ब्रांड लॉन्च करके उद्यमिता शुरू कर सकता है, जिसमें उनकी खुद की ज्वेलरी डिजाइनिंग होगी।
- ज्वेलरी डिजाइन कोर्स ज्वेलरी डिजाइन उद्योग जैसे उत्पाद विकास, ग्राफिक डिजाइन, मार्किट रिसर्च, रचनात्मकता आदि में प्रोफेशनल करियर बनाने के लिए नए कौशल सीखने में मदद करता है।
- ग्लासडोर के एक सर्वे के अनुसार, भारत में करियर के शुरुआती वर्षों में एक ज्वैलरी डिजाइनर की औसत कमाई 4-5 लाख प्रति वर्ष है।

## ये करना होगा

### ये स्किल्स चाहिए

- एडोब क्रिएटिव सूट
- ग्राफ़िक डिजाइन
- नेकलेस
- इंजीनियरिंग ड्राइंग
- खुदरा बिक्री
- सीएडी
- उत्पादन रूप
- कला शो
- डिजाइन प्रक्रिया
- उत्पाद विकास
- राइनो
- रुझान अनुसंधान
- बाजार अनुसंधान
- व्यापार की शो

### ज्वेलरी डिजाइनिंग के विषय

डिजाइन की नींव, डिजाइन के तत्व, कंप्यूटर एडेड डिजाइन, व्यापारिक और विपणन विचार, डिजाइन के लिए उपकरण, डिजाइन के तरीके, डिजिटल प्रतिनिधित्व, गहनों का इतिहास, डिजाइन का विज्ञापन, रत्न विज्ञान और रत्नों की स्थापना।

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के

## स्टेप बाय स्टेप गाइड

**स्टेप 1-** इसके लिए पहला कदम है 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करनी होगी।
**स्टेप 2-** बेहतर ज्वेलरी डिज़ाइनर बनने के लिए आपको डिजाइनिंग को बारीकी से समझना होगा, इसलिए ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए पहले प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय लेवल और राज्य लेवल दोनों स्तर पर कराए जाते हैं।
**स्टेप 3-** प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपकी रैंक के अनुसार कॉलेज में एडमिशन मिलेगा। एडमिशन पक्का करने के लिए आपको कॉलेज द्वारा काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा।
**स्टेप 4-** डिजाइनिंग को और डिटेल में जानने के लिए आप इसमें मास्टर्स डिग्री भी कर सकते हैं। विदेश में मास्टर्स करने के लिए आपको जीमैट /जीआरई जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी।
**स्टेप 5-** ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद आपको इंटर्नशिप करनी होगी ताकि आप डिजाइनिंग की प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त कर सकें।

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- नोवा स्कोटिया कॉलेज ऑफ़ आर्ट एंड डिज़ाइन (एनएससीएडी ) यूनिवर्सिटी
- कला विश्वविद्यालय, लंदन
- बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी
- हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय
- इंग्लैंड के पश्चिम विश्वविद्यालय
- रॉबर्ट गॉर्डन विश्वविद्यालय
- ग्रिफ़िथ विश्वविद्यालय
- एनएससीएडी विश्वविद्यालय
- क्रिएटिव आर्ट्स के लिए विश्वविद्यालय
- अल्स्टर यूनिवर्सिटी
- लासाल कॉलेज

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आर्क एकेडमी ऑफ डिजाइन, जयपुर
- महात्मा ज्योति राव फूल विश्वविद्यालय, जयपुर
- आरटीएमएनयू नागपुर
- सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, नागपुर
- जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर
- एएएफटी मीडिया और कला विश्वविद्यालय, रायपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुड़गांव
- भारतीय रत्न और आभूषण संस्थान- नई दिल्ली और मुंबई
- जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया- मुंबई
- भारतीय आभूषण संस्थान- मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन- दिल्ली, जयपुर, मुंबई और नोएडा
- वोग इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी- बैंगलोर, डिजाइन कॉलेज

### योग्यता

- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में डिप्लोमा या बैचलर्स कोर्स करना चाहते है तो आपको 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करना होगा।
- ज्वेलरी डिजाइनिंग के लिए आपको कुछ प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा।
- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में मास्टर कोर्स करना चाहते हैं तो बैचलर्स डिग्री का होना आवश्यक है। विदेश में पढ़ाई करने के लिए आपको जीमैट/जीआरई परीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त करने होंगे।
- विदेश में ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट जैसे-आईईएलटीएस/टीओईएफएल आदि कोर्स पहले से करके तैयार रखने हैं।

### टॉप जॉब प्रोफाइल

ज्वेलरी डिजाइनर, ज्वेलरी मरचेंड़ाइजर, एगजीबीशन मैनेजर, प्रोडक्शन मेनेजर, कास्टिंग मेनेजर, लेक्चरार, राइटर एंड ड्राफ्टर, म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी मैनेजर, फ़ैशन कंसल्टेंट, ज्वेलरी हिस्टोरीयन, ग्रेडिंग एड्वाइजर, रत्न अपरेजर, ज्वेलरी डिजाइन सेल्फ बिजनेस, ज्वेलरी सेंटर।

# हर छात्र को अपने जीवन में ऑपरेशन सिंदूर से लेनी चाहिए जरूरी सीख



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारतीय सेना हमारे देश का गौरव और शक्ति का प्रतीक है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान की कहानियां हमें न केवल प्रेरित करती हैं, बल्कि यह भी सिखाती हैं कि देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा क्या होता है। आपने सुना होगा कि "हम सुरक्षित हैं, क्योंकि वे सीमा पर लड़ रहे हैं।" यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि एक ऐसी सच्चाई है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और कृतज्ञता जगाती है। हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह साबित किया कि कोई भी भारतीय महिला का आंसू व्यर्थ नहीं जाएगा। इस ऑपरेशन का नाम और इसकी भावना उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। आइए, इस ऑपरेशन से प्रेरणा लें और समझें कि कैसे हम अपने जीवन में उनके गुणों को अपनाकर देश के लिए गर्व का कारण बन सकते हैं।

## सीमा पर उनकी वीरता, हमारे लिए शांति

जब आप अपने स्कूल में पढ़ रहे होते हैं, दोस्तों के साथ हंसते-खेलते हैं या अपने परिवार के साथ समय बिता रहे होते हैं, उस समय भारतीय सेना के जवान बर्फीली चोटियों, रेगिस्तान की गर्मी या जंगलों की कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा कर रहे होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिसमें 70 से अधिक आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई इतनी सटीक थी कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, जिससे भारत की संयमित और जिम्मेदार छवि दुनिया के सामने आई। ऑपरेशन सिंदूर हमें सिखाता है कि मुश्किल हालातों में भी धैर्य, अनुशासन और एकजुटता से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। जब आप पढ़ाई में किसी जटिल विषय से जूझ रहे हों, किसी असाइनमेंट में असफल हों या अपने सपनों को पूरा करने में रुकावटें आएं, तो भारतीय सेना के जवानों की वीरता को याद करें। उनकी तरह आपको भी हार नहीं माननी है। ऑपरेशन सिंदूर से हमें कुछ महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सावधानीपूर्वक योजना और सटीकता के साथ अंजाम दिया। आप भी अपनी पढ़ाई और लक्ष्यों के लिए एक योजना बनाएं और उसे पूरी मेहनत से लागू करें। टीम वर्क की ताकतः ऑपरेशन सिंदूर में सेना, नौसेना और वायुसेना ने मिलकर काम किया।

## धैर्य और अनुशासन

ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने संयम और अनुशासन के साथ कार्रवाई की। आप भी अपने जीवन में अनुशासन लाएं, समय का पालन करें और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**छात्र यात्रा में सेना की प्रेरणा** : कई बार स्कूलों में छात्रों को सेना के कैंप या शैक्षिक यात्राओं पर ले जाया जाता है। वहां आपने देखा होगा कि जवान कितने अनुशासित, शांत और आत्मविश्वासी होते हैं। उनकी कहानियां और उनके मिशन, जैसे ऑपरेशन सिंदूर, हमें बताते हैं कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस ऑपरेशन ने न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, बल्कि उन परिवारों को न्याय दिलाया, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। प्रियदर्शिनी सत्पथी, जिनके पति प्रशांत सत्पथी पहलगाम हमले में शहीद हुए, ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर का नाम प्रतीकात्मक है आतंकी हमले ने मासूम महिलाओं के माथे से पवित्र सिंदूर छीन लिया। जब आप अपनी पढ़ाई में मेहनत करते हैं, तो यह सोचें कि आपकी सफलता आपके देश को मजबूत बनाएगी। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या कुछ और बनें, अगर आप अपने काम को पूरी लगन और ईमानदारी से करेंगे, तो आप भी अपने देश के लिए एक सैनिक की तरह योगदान देंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है?
(ए) सिन्धु
(बी) सरस्वती
(सी) परुष्णी
(डी) शतुद्रि

**2.** वैदिक समाज की आधारभूत इकाई थी
(ए) कुल / कुटुम्ब
(बी) ग्राम
(सी) विश
(डी) जन

**3.** ऋग्वैदिक काल के उस सबसे प्रधान देवता की पहचान करें, जिसकी स्तुति में 250 सूक्तों की रचना की गयी थी
(ए) इन्द्र
(बी) अग्नि
(सी) वरुण
(डी) सूर्य

**4.** किस वेद में सभा को 'नरिष्ट' अर्थात सामूहिक वाद-विवाद या अनुल्लंघनीय कहा गया है?
(ए) ऋग्वेद
(बी) यजुर्वेद
(सी) सामवेद
(डी) अथर्ववेद

**5.** किस रचना में नारी को सुरा और पांसा के साथ तीन प्रमुख बुराइयों में शामिल किया गया है?
(ए) मैत्रायणी संहिता
(बी) जावाल उपनिषद्
(सी) शतपथ ब्राह्मण
(डी) छांदोग्य उपनिषद्

**6.** उत्तर-वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था?
(ए) प्रजापति
(बी) इन्द्र
(सी) विष्णु
(डी) रुद्र

**7.** संस्कारों की कुल संख्या कितनी है?
(ए) 14
(बी) 15
(सी) 16
(डी) 18

**8.** तीन ऋण में शामिल नहीं है
(ए) देव ऋण
(बी) पितृ ऋण
(सी) ऋषि ऋण
(डी) मातृ ऋण

**9.** ऋग्वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है
(ए) गेरुवर्णी मृदभांड (**OCP**) संस्कृति
(बी) चित्रित धूसर मृदभांड (**PGW**) संस्कृति
(सी) **a** और **b** दोनों
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(ए) 6.(ए) 7.(सी) 8.(डी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लिया

**हिसार।** पुलिस ने वर्ष 2021 में विद्युत नगर में हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे तिहाड़ जेल से पांच दिन के प्रोडंक्शन रिमांड पर लिया है ताकि आगामी पूछताछ हो सके। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए टीम ने यहां के विद्युत नगर स्थित मकान में हुई चोरी के मामले में मध्यप्रदेश के गुना जिले के बिल्ला खेड़ी निवासी बाबा उर्फ जालिम सिंह को तिहाड़ जेल से प्रोडेक्शन रिमांड पर लिया है। यह मामला थाना अर्बन एस्टेट 6 अगस्त 2021 को दर्ज किया गया था। एएसआई मांगेराम ने बताया कि उक्त आरोपी बाबा उर्फ जालिम सिंह 5-6 अगस्त 2021 की रात विद्युत नगर में हुई चोरी की वारदात में शामिल था। इसके बारे में विद्युत नगर हिसार निवासी सतीश कुमार ने 6 अगस्त 2021 को उसके घर में चोरी होने के संबंध के शिकायत दी थी। पुलिस टीम द्वारा रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी।

### 9.62 ग्राम हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**हिसार।** एनसीबी की हिसार यूनिट ने आजाद नगर थाना एरिया के गांव देवां में देवा–मंगली सुरतिया रोड से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे संलिप्त दो नशा तस्करो को स्कूटी सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गांव मंगाली सुरतिया निवासी संजय उर्फ सेठी और बजरंग उर्फ साहिल के रूप मे हुई। तलाशी में उनके पास से 9.62 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

### सरपंच एसोसिएशन आपात स्थिति में पीएम के साथ

**उकलाना।** भारत-पाक युद्ध की स्थिति को देखते हुए उकलाना सरपंच एसोशिएशन ने निर्णय लिया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के फैसले के साथ हैं और एक महीने का मानदेय सभी सरपंच अपनी इच्छा से प्रधानमंत्री राहत कोष में देंगे। उन्होंने कहा कि जो भी प्रशासन का आदेश है उसकी पालना करते हुए गांव में हर संभव प्रयास करेंगे। सरपंच संघ के अध्यक्ष जयपाल उर्फ बानी ने कहा कि प्रधानमंत्री जो फैसला लिया है वह देशहित को देखकर लिया है। इस मौके पर मुगलपुरा से सरपंच प्रतिनिधि मंगल राम, पहलवान सुखविंदर सिंह भादू, पोटूराम, नरेश आदि मौजूद थे।

### मदर्स होम प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

**बरवाला।** मदर्स होम प्ले स्कूल बहबलपुर में मदर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्राचार्य रेनू यादव ने स्कूल में आई हुई मातृशक्ति को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारा भारत देश मातृशक्ति को नमन करने वाला देश है। कैप्टन सोफिया कुरैशी और महिला विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान से बदला लेने का काम किया।

### युवाओं के लिए सैन्य प्रशिक्षण लागू करे सरकार : मेजर

**हिसार।** एनसीसी के बी व सी प्रमाणपत्रधारी एवं छात्र नेता एडवोकेट नरषोतम मेजर ने सरकार से मांग की है कि वर्तमान माहौल को देखते हुए देश के सभी युवाओं के लिए सैन्य प्रशिक्षण लागू किया जाए। ऐसे में किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए सीमा के साथ-साथ देश के अंदर भी एक मजबूत युवा सैन्य शक्ति मौजूद रह सकेगी। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए जाए। प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, गृहमंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में नरषोत्तम मेजर ने कहा कि देश में लाखों की संख्या में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व खेल के क्षेत्र के पूर्व व वर्तमान छात्र है जिन्हें प्राथमिक सैन्य प्रशिक्षण मिला है।

### पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी

**हांसी।** हांसी में 11 मई को मुख्यमंत्री की रैली स्थगित होने पर हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष रामनिवास फौजी ने कहा कि कि जनता 11 मई को हांसी जिला बनने का इन्तजार कर रही थी। लेकिन पाकिस्तान की हरकतों का जवाब देना भी जरूरी है। फौजी ने कहा कि जिला बाद में देश पहले और पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। भारतीय सेना का आपरेशन सिन्दूर सफल रहा।

---

### गुरु जम्भेश्वर विवि एवं यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज के बीच हुआ एग्रीमेंट

# फूड टेक्नोलॉजी को 25 लाख के उपकरण उपलब्ध करवाएगी बेंगलुरु की कंपनी

**ये उपकरण विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए गुणवत्तापरक व शोध कार्यों के लिए लाभप्रद होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. पंकज जैमिनी एग्रीमेंट का आदान-प्रदान करते हुए।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु के बीच कॉर्पोरेट रिसपोंसीबिलिटी एग्रीमेंट (सीएसआर) हुआ है। इस सीएसआर के तहत यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलूरू, गुजवि के फूड टेक्नोलॉजी विभाग को 25 लाख कीमत के आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाएगा। ये उपकरण विभाग के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए गुणवत्तापरक शैक्षणिक व शोध कार्यों के लिए लाभप्रद होंगे।

गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एवं यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक डा. पंकज जैमिनी ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में गुजविप्रौवि की ओर से कुलसचिव डा. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने जबकि यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सहायक निदेशक ज्योति सिंधू व प्रमोद कुमार ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे उपकरण विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध ढांचे को और अधिक मजबूत करेंगे। इन उपकरणों के लिए विश्वविद्यालय में एक प्रोडक्शन लेबोरेटरी स्थापित की जाएगी। यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा समय-समय पर इन उपकरणों से संबंधित जानकारियां भी विश्वविद्यालय को दी जाएंगी। गुजवि इन उपकरणों के समुचित व परिणाम आधारित प्रयोग को सुनिश्चित करेगा।

**एग्रीमेंट हितधारकों के लिए लाभकारी**

डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने कहा कि यह एग्रीमेंट हितधारकों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इस अवसर पर यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सेल्स डायरेक्टर डा. बिन्नी थोमस, गुजविप्रौवि के सीआईआईपी के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. आराधिता बी.रे, प्रो. अल्का शर्मा व डा. उसमान अली उपस्थित रहे।

---



हिसार । मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

## इंडस स्कूल में मातृ दिवस निष्ठा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ विद्यार्थियों ने आज का दिन मां को समर्पित करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार मातृ दिवस पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने आज का दिन मां को समर्पित करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपना निश्छल प्रेम मां के प्रति समर्पित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या नीलम राठी ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि केवल इसी दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन हमें अपनी मां का शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिसने हमें हमारा अस्तित्व प्रदान किया। प्रधानाचार्या राठी ने मां की महिमा का वर्णन करते हुए उसे त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया, जिसकी छाया में मनुष्य ही नहीं देवता भी स्वयं को आनंदित अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चे की मूक भाषा को समझती हैं। इस दिन विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य संगीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर कविताएं, गीत प्रस्तुत किए।

---

## डीपीएस ने श्रद्धांजलि नृत्य में पाया प्रथम स्थान

■ इस शानदार उपलब्धि पर प्रधानाचार्या ने सभी को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति देते दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

ओपी जिन्दल स्कूल में बॉलीवुड की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से एक भव्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 27 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया लेकिन जब दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने मंच संभाला तो मानो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार के छात्रों ने अपने नृत्य में सरोज खान की विशिष्ट शैली, लयबद्ध ताल, और अभूतपूर्व भावनाओं का ऐसा जादू बिखेरा कि हर एक दर्शक मंत्रमुग्ध हो गया। उनकी प्रस्तुति केवल नृत्य नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा थी जिसने सरोज खान के योगदान को जीवंत कर दिया। इस अद्वितीय प्रदर्शन का श्रेय विभागाध्यक्ष दीपक मदान और डांस टीचर दीपक सपरा के मार्गदर्शन को जाता है जिन्होंने छात्रों को नृत्य की बारीकियों के साथ-साथ आत्मविश्वास और समर्पण का पाठ भी पढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने अपने संदेश में कहा कि हमारे छात्रों ने न केवल नृत्य कौशल का अद्वितीय प्रदर्शन किया बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया।

---

*भाजपा प्रदेश महामंत्री का स्वागत*

## देशवासियों की भावना के अनुरूप काम कर रही है सरकार : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



बरवाला : पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि जिस प्रकार की परिस्थितियां देश में बनी जब हमारे निर्दोष लोगों को पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा मारने का काम किया गया उससे पूरे देश में आक्रोश पैदा हुआ। उसी का परिणाम यह हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह निर्णय लिया कि पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया जाए। उसी का मुंह तोड़ जवाब हमारी सेना दे रही है। भाजपा नेता पूनियां शुक्रवार को आश्रम कॉलोनी बरवाला में स्थित सत्यवान बालक के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशवासी पूरे एक मन एक भाव से सरकार के साथ है और सरकार देशवासियों की भावना के अनुरूप काम कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुनीष गोयल, मनोज उर्फ मोनू संदूजा, रोशन घनघस, डॉ. सुरेश जाखड़, रोशन शर्मा बालक, नफे सिंह रंगा व प्रधान महावीर सिंह बालक समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### मदर्स-डे पर कार्यक्रम आयोजित



**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर मदर्स डे से सम्बंधित नाटिका, कविता पाठ, एकल गान, कार्ड मेकिंग व विभिन्न स्वादिष्ट पकवान बनाये गये। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने जीवन में मां का प्रेम व महत्व का वर्णन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

---

## आरपीएस स्कूल में मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी





हांसी। मातृ दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे

आरपीएस पब्लिक स्कूल में 'मातृ दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनुपम गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में नर्सरी से पांचवी कक्षा के बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया था। समारोह में उपस्थित मातृ शक्ति का तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्रों ने इस विशेष दिवस पर समूह गान और समूह-नृत्य के द्वारा उपस्थित मातृशक्ति का मन मोह लिया। सभी के लिए नृत्य, गायन, म्यूजिकल चेयर, पिरामिड मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी ने इन प्रतियोगिताओं में बढ-चढ़ कर भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि मां की ममता और स्नेह व पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाती है। सभी माताओं ने विद्यालय द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम की सराहना की।

---

## कोमल बैनीवाल की 'साहित्या एक बेबाक परिंदा' को मिला अतुल्य भारत पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



क्षेत्र के गांव चुली देशवाली की कोमल बेनीवाल ने अपनी पहली किताब 'साहित्या एक बेबाक परिंदा' से साहित्य के बगीचे में एक नया फूल खिला दिया है। यह काव्य संग्रह उनके कोमल मन की गहरी उड़ान है, जो जीवन की राहों को, नारी की बात को, देश की शान को और समाज के रंगों को शब्दों की माला में पिरोता है।

कोमल की जड़ें देशभक्ति और सेवा की पावन मिट्टी से जुड़ी हैं। उनके परदादा तोताराम बैनीवाल ने आज़ादी की जंग में हिस्सा लिया, दादा शेर सिंह बैनीवाल ने सेना में मुल्क की हिफाज़त की और पिता सतीश बेनीवाल, पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान है और किसानों के हक की सशक्त आवाज़ हैं। कोमल ने गांव के राजकीय स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल और श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल से अपनी तालीम ली।

---

### प्रेमी युगल की सुरक्षा के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रेमी युगल को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए जिला पुलिस कंट्रोल रूप में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। प्रेमी युगल सुरक्षा के लिए पुलिस के पास आवेदन करें। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने शुक्रवार को कहा है कि प्रेमी युगलों की सुरक्षा के लिए हिसार पुलिस के कंट्रोल रूम में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है जिसका नोडल अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी को लगाया गया है। जिस भी प्रेमी युगल को पुलिस सुरक्षा की जरूरत हो वह सुरक्षा के लिए पुलिस के पास आवेदन कर सकता है। तय समय सीमा में उसे सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी और वे अपने नजदीकी थाने में भी सुरक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। उसके लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक पुलिस कर्मचारी की नियुक्ति की गई है।


### श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के भव्य दरबार के 11 को होंगे दर्शन

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 11 मई को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के भव्य दरबार के दर्शन का अवसर भी मिलेगा। सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक चलने वाले इस संकीर्तन में भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। संकीर्तन के दौरान श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर श्रद्धालु मन्नत मांगेंगे और अपने कष्टों के निवारण की कामना करेंगे।

---

## मातृ दिवस पर छात्रों ने कार्यक्रम किए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी





हांसी। मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती स्कूली बच्चे।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड, हांसी में /"मातृ दिवस/" के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रेणु बंसल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस विशेष अवसर पर छात्राओं ने मातृ-प्रेम, त्याग और स्नेह को समर्पित नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी, जिन्हें दर्शकों ने अत्यंत सराहा। छात्राओं ने अपनी माताओं की आरती की व उन्हें स्वरचित पत्र व कविता पाठ तथा उपहार देकर उनके समक्ष अपने प्रेम को अभिव्यक्त किया। विद्यालय की छात्रा चाहत व चेष्टा ने अपने गीत के द्वारा सभी को भाव विभोर कर दिया। अंत में प्राचार्या ने उपस्थित माताओं और प्रतिभागी छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृ दिवस हर साल मई मास के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। मां की ममता और प्रेम के बिना हमारा जीवन अधूरा है। वह न केवल हमें जन्म देती है बल्कि हमारे जीवन की पहली गुरु भी होती है। विद्यालय अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल, रजत कुमार अग्रवाल आदि रहे।

---

### अग्रोहा धाम में देश की खुशहाली के लिए हवन- पूजन 12 को

# अग्रोहा टीले की खुदाई में मिलने वाली चीजें अग्रोहा धाम के म्यूजियम में रखनी चाहिए : बजरंग गर्ग

■ वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम व अग्रोहा टीलें के विकास पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम शुरु हुए लगभग 2 महीने हो गए है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार टीलें की खुदाई में काफी यादगार साम्रगी निकली है।

वह साम्रगी टीलें में पड़ी है। अग्रोहा टीलें की खुदाई में जो भी साम्रगी निकली है। सरकार को उस साम्रगी को अग्रोहा धाम के म्यूजियम में रखनी चाहिए ताकि देश के कौने-कौने से अग्रोहा धाम में आने वाले यात्री टीलें की खुदाई में जो समान निकाला है उसे देख सकें। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा में टीलें की खुदाई में मानव कंकाल, मीटी के बर्तन, लोहे का समान, पत्थर की मूर्तियां आदि काफी साम्रगी निकली है। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 12 मई 2025 को भारत देश की खुशहाली के लिए हवन- पूजन व भंडारे का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर स्वरूप चंद सिंगला पंजाब, अशोक गोयल यूपी, प्रेम गर्ग देहली, हनुमान मित्तल राजस्थान, रामकुमार गुप्ता, ऋषि राज गर्ग, पवन गर्ग, चूड़ियां राम गोयल, अनन्त अग्रवाल,एन के गोयल, अनिल सिंगला, सत्यपाल अग्रवाल, निरंजन गोयल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

---

### मदर्स कान्वेंट स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**आदमपुर।** मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में नारी शक्ति को सम्मान देने तथा स्नेह का भाव प्रकट करने के लिए मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया है। कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दूसरी तक सभी बच्चों के अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के साथ रैंप वॉक,म्यूजिकल चेयर, नृत्य और गायन के साथ अन्य गतिविधियों में भी स्वयं की प्रस्तुति दी। स्कूल संचालक धर्मवीर जांगड़ा ने बच्चों को और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पूरा जीवन केवल और केवल नारी शक्ति पर निर्भर है। स्कूल प्राचार्य राकेश कौशिक ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और पौष्टिक आहार खाने का आग्रह किया।

### सीएम सैनी 3 जून को पुण्यतिथि पर करेंगे प्रतिमा का अनावरण

**हिसार।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल की तीन जून को पुण्यतिथि के अवसर पर पंचकूला बिश्नोई मंदिर में उनकी छठी प्रतिमा का अनावरण होगा। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को निमंत्रण दिया। कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि इससे पूर्व आदमपुर, राजस्थान के मुक्ति धाम मुकाम, जांभा, बिश्नोई मंदिर हिसार तथा गुरुग्राम स्मृति सदन में चौ. भजनलाल की पांच प्रतिमाएं लगाई जा चुकी हैं।

**ग्राम पंचायत जेवराखंड बरवाला (हिसार)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जेवरा में पशु अस्पताल व विकास केंद्र भवन की नीलामी दिनांक 12-05-2025 को सुबह 10 बजे राजकीय उच्च विद्यालय जेवरा में होगी। बोली दाता को पचास हजार रूपए सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच श्रीमती एकता ग्राम पंचायत, जेवरा ( हिसार) मो 94677 04691

## खबर संक्षेप

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग, 5 के चालान

**हिसार।** विशेष चेकिंग में नगर निगम की स्वच्छता शाखा की टीम ने पीएलए के 5 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के 3500 रुपये के चालान किए। टीम ने दुकानदारों व आमजन को बताया कि सिंगल यूज पॉलीथीन पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, रवि सिंधवानी मौजूद रहे।

### आज होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित

**हिसार।** हिसार एवं हांसी न्यायिक परिसरों में 10 मई को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दी गई है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने सूचित किया कि हिसार द्वारा प्रस्तावित यह लोक अदालत आगामी सूचना तक स्थगित रहेगी।

### सिमरन कौर ने पेश किया नया गीत

**हिसार।** फैंस के बीच वीमेन किंग के नाम से मशहूर, सिमरन कौर धडली ने अपना नया ट्रैक 'गंडासी' पेश किया है। हृदयस्पर्शी गीत में प्यार, साहस और अदम्य भावना का चित्रण किया गया है। पंजाबी संगीत की दुनिया में सिमरन अपने तीखे बोल और साहसी आवाज के लिए मशहूर हैं। इस बार एक ऐसा ट्रैक पेश किया है, जिसमें काव्यात्मक तीव्रता और देसी उग्रता का बेहतरीन मिश्रण है। यह गीत सिमरन कौर धडली ने स्वयं लिखा है और स्वयं कंपोज़ कर इसे परफॉर्म किया है। इसका निर्माण केयमसी ने किया है।

### सभा 11 को मनाएगी नृसिंह अवतार दिवस

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के तत्वाधान में 11 मई को मुलतानी चौक पार्क में नृसिंह अवतार दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ व महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि इस दिन प्रातः 8 बजे हनुमान चालीसा पाठ व हवन किया जाएगा।

### शांति निकेतन स्कूल में डेंटल चैकअप कैंप

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने एमसी कालोनी स्थित शान्ति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. शोभा और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी। चिकित्सकों ने लोगों से दांतों की सफाई पर विशेष ध्यान रखने पर जोर देते हुए कहा कि दांत हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं।

### भाषण प्रतियोगिता में भैवी शर्मा रही प्रथम

हिसार। श्री राधा कृष्णा सेवा समिति द्वारा पटेल नगर में स्थित लार्ड रामा पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इसमें भैवी शर्मा ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय व एंजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर समिति के प्रधान सुभाष मुखीजा, डॉ. महिपाल मुंजाल, राजकुमार अरोड़ा, गुरबख्श खुराना, उत्तम चंद, राम कामरा, राजेश जुनेजा, स्कूल प्राचार्य बिमल परूथी व उप प्राचार्य साक्षी परूथी मौजूद रहे। इससे पहले संस्था पदाधिकारियों, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने पहलगाम हमले में जान गवाने वालों को श्रद्धांजलि दी।

### असिस्टेंट टेक्निकल ऑफिसर की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में असिस्टेंट टेक्निकल ऑफिसर व जूनियर प्रोग्रामर के पद के लिए हुई लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि असिस्टेंट टेक्निकल ऑफिसर के पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 20 अगस्त 2024 तथा जूनियर प्रोग्रामर के पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 16 अगस्त 2024 को हुआ था। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही प्रदेश सरकार : राकेश वशिष्ठ

# 11 व 12 को प्रदर्शन और 20 को हड़ताल, वर्कर्स की गेट मीटिंग

20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेंगे पीडब्ल्यूडी व पब्लिक हेल्थ कर्मचारी, प्रदर्शन व हड़ताल को लेकर सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते यूनियन पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच ने सीवरेज शिकायत केंद्र पर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की व संचालन ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान दीपक लोट व ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। इसी के तहत हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को नौकरी से हटा रही है, जो कि इस सरकार की मंशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के कर्मचारी विरोधी फैसले के खिलाफ 11 व 12 मई को जन स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

आंदोलन की इस कड़ी में 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सभी कर्मचारी बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि 20 मई की हड़ताल के माध्यम से सभी प्रकार के कर्मचारियों को पक्का कराने, हरियाणा सरकार द्वारा अलग से वेतन आयोग गठित करने, स्थाई भर्तियां होने तक कच्चे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने सहित अनेक मांगों को उठाया जाएगा।

गेट मीटिंग को ब्रांच कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान अशोक कुमार, विकास गोस्वामी, रमेश मिर्जापुर व सोनू लोट आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।



हांसी। अपनी मांगों को लेकर विधायक विनोद भयाना को ज्ञापन सौंपते नवनियुक्त पटवारी। *फोटो : हरिभूमि*

### नवनियुक्त पटवारियों ने विधायक को सौंपा मांगपत्र

**हांसी।** नवनियुक्त पटवारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर विधायक विनोद भयाना से मिला और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। विधायक को सौंपें गए नवनियुक्त पटवारियों की नियुक्ति अक्टूबर व नवंबर 2024 में हुई थीं और पटवार ट्रेनिंग 1 जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गत 7 जनवरी को सभी 2605 नवनियुक्त पटवारियों को ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला बुलाकर सबके सामने घोषणा की थी कि आज से पटवारियों के ट्रेनिंग टाइम को कम करके डेढ़ वर्ष से एक वर्ष किया जाता है व प्रशिक्षण अवधि को सेवा में शामिल किया जाएगा और जिस दिन से आपने ज्वॉइन किया है उसी दिन से पटवारियों को पूर्ण वेतन दिया जाएगा लेकिन मुख्यमंत्री जी को घोषणा किए हुए 4 माह से ज्यादा समय हो चुका है। लेकिन अभी तक ना तो सर्विस काउंट का नोटिफिकेशन जारी हुआ और ना ही पिछले 6 महीनों से नवनियुक्त पटवारियों को वेतन मिला जिस से पटवारियों की आर्थिक हालत खराब हो चुके हैं। विधायक ने उनकी मांगों को समाधान कराने का भरोसा दिया। इस अवसर पर पवन राव पटवारी, अनिल फौजी पटवारी, सुरेंद्र फौजी पटवारी, रवींद्र पटवारी, अशोक पटवारी व प्रदीप पटवारी मौजूद रहे।

## आदमपुर पॉलीटेक्निक में इनोवेशन की बयार



हिसार। प्रोजेक्ट्स का मुआयना करते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रस्तुत किए शानदार प्रोजेक्ट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम दिन एक भव्य प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल छात्रों की नवाचार क्षमता को सामने लाने वाला रहा, बल्कि तकनीकी शिक्षा के महत्व और सामाजिक विकास में युवाओं की भूमिका को भी रेखांकित करने वाला सिद्ध हुआ। इस प्रदर्शनी में संस्थान के सभी विभागों के लगभग 80 छात्रों ने भाग लिया और अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। छात्रों ने तकनीकी समाधान, सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, स्मार्ट डिवाइसेज और वेब डिजाइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉड्यूल जैसी नवीनतम तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर एवं एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने जानकारी दी कि इस तरह के आयोजन छात्रों में रचनात्मकता और तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों का उत्साह और उनकी मेहनत सराहनीय रही।

प्रदर्शित प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण विभागाध्यक्ष वेदपाल यादव, सुरेश पुनिया एवं गौरव चौधरी द्वारा किया गया। निर्णायकों ने छात्रों के आइडियाज, प्रस्तुति कौशल और तकनीकी दक्षता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम सह समन्वयक दिनेश यादव व रमेश गोस्वामी रहे।

## 'तेरा किसने किया सिंगार सांवरे' भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16- 17 में श्री श्याम संकीर्तन का किया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16- 17 में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया । शुक्ल एकादशी (ग्यारस) का श्याम भक्तों के लिए विशेष महत्व होता है। सुबह से ही श्याम प्रभु के दर्शन लिए भक्तों की कतार लगी रही। एकादशी के दिन बाबा को अन्न का भोग नहीं लगता, श्रदालुओं ने विभिन्न प्रकार के फल, मेवा का भोग बाबा को अर्पित किया ।

श्री श्याम मंडल द्वारा सायं आयोजित कीर्तन मे भजन गायकों ने तेरे भरोसे मेरी गाड़ी तू जाने तेरा काम जाने, झोली भर दीजिए श्याम बाबा, तेरा किसने किया सिंगार सांवरे, हम तुम्हारे हैं प्रभु जी तुम हमारे हो, मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखना आदि भजनो से समां बांध दिया और श्री श्याम प्रभु का गुणगान करते हुए भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया ।



हिसार। श्री श्याम संकीर्तन में झूमते श्रद्धालुगण।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारी सुभाष बंसल, आशीष जैन, ओम प्रकाश गोयल, राजकुमार जैन, अजय जैन, सतीश बंसल, त्रिलोक बंसल आदि मौजूद रहे ।

## भारत-पाक युद्ध के समय शांति और धैर्य बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के गंभीर समय में की विधायक सावित्री जिंदल ने क्षेत्र के नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक कठिन समय है और सभी को एकजुट होकर इसका सामना करना चाहिए। विधायक जिंदल ने हिसार के लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने नागरिकों से सरकार द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का पालन करने और अपनी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी।



सावित्री जिंदल, विधायक

जिंदल ने यह भी कहा कि जिंदल हाउस और वह व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आवश्यकता के लिए हमेशा उपलब्ध हैं। लोगों से किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उनसे संपर्क करने में संकोच न करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे और विजयी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आपके परिवार और संपर्क में जो भी सैनिक है।

## रिटायर्ड कर्मियों ने शिव कॉलोनी में विधायक को किया सम्मानित

- ब्राह्मण धर्मशाला में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

शिव कॉलोनी की ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आदमपुर के कांग्रेसी विधायक चंद्रप्रकाश को रिटायर्ड कर्मचारी संघ की तरफ से पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर चंद्र प्रकाश ने चुनाव में संघ द्वारा उन्हें दिए गए सहयोग एवं समर्थन के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि आपका सहयोग व समर्थन के लिए मैं आपका जीवन भर अहसानमद रहूंगा तथा सब के सहयोग से ही 56 साल बाद आदमपुर से किसी को जीत मिली है जिसमें आप सब लोगों का विशेष योगदान है।

इस मौके पर संघ के प्रधान कृष्ण जगान, अमरजीत सिंह, सुथारदिन मिर्जा, राजू जांगड़ा, भूपेंद्र कासनिया, पवन, राजवीर बैनीवाल, वीर सिह, कृष्ण राहड, कृष्ण, सजन मित्तल, गणेशाराम, राम कुमार आदि मौजूद रहे।



आदमपुर। ब्राह्मण धर्मशाला में विधायक चंद्रप्रकाश सम्मानित करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*




हिसार। नई सब्जी मंडी में मासिक भंडारा वितरित करते श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने नई सब्जी मंडी में लगाया कढ़ी और चावल का भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर महीने बारस पर चलाए जाने वाले भंडारे की कड़ी में आज सुबह नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 75 पर 30वां मासिक कढ़ी चावल का भंडारा लगाया गया। संस्था के प्रधान सुरेन्द्र बालान बताया कि वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण व उप प्रधान सुमित कुकडेजा ने बाबा को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर मंडल के सदस्य अरुण सेठी, डॉक्टर संजय, राजू, हैप्पी बालान, डॉ. मोहित, अशोक वर्मा, तुषार सैनी, राजेंद्र सैनी, सन्नी, सुभाष सैनी, पारुल, तेजपाल, बंसीलाल, हैप्पी सैनी, अमनदीप, सोनू वर्मा, संजय सैनी, विजय बालान, संदीप जांगड़ा, सतीश, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

## सृष्टि स्कूल की मानसी ने नेशनल स्कूल गेम्स में जीता स्वर्ण पदक

- अंडर-19 वर्ग के 64 किलोग्राम भार वर्ग में बनी विजेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ की छात्रा और हरियाणा की उभरती हुई बॉक्सिंग खिलाड़ी मानसी मोर ने 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 वर्ग के 64 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह की लहर दौड़ गई।

विद्यालय के निदेशक अनुप लोहान ने मानसी की जीत को विद्यालय के प्रशिक्षण स्तर और खेलों के प्रति समर्पण का प्रमाण बताया। हरियाणा आइस स्केटिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र लोहान ने विद्यालय पहुंचकर मानसी का सम्मानित किया।




नारनौंद। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि अनूप लोहान व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल घनश्याम, दलबीर मोर, हरबीर मोर सहित मानसी के अभिभावक, हरिपाल बिसला, परदीप कोच, गगनदीप कोच, सृष्टि विद्यालय का सभी स्टाफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सिसाय के किसान परिवार के बेटे अमित राणा बने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट काउंसिल के वाइस चेयरमैन

**हांसी।** सिसाय गांव के रहने वाले अमित राणा सीनियर डिप्टी एडवोकेट जरनल पंजाब हाई कोर्ट को पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल का वाइस चेयरमैन चुना गया है। अमित राणा सिसाय में पढ़े-लिखे हैं तथा किसान परिवार से संबंध है। अमित राणा ने अपने वाइस चेयरमैन चुने जाने पर कहा कि सभी अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करवाया जाएगा और अपने अधिवक्ताओं की टीम के साथ मिल कर वकीलों के विकास कार्य करवाए जाएंगे। समय समय पर सेमिनार करके अधिवक्ताओं को नए कानूनी पहलुओं की जानकारियां प्रदान की जाएगी।



हांसी। अमित राणा

उनके पिता अधिवक्ता जोगेंद्र सिंह ने कहा कि अमित राणा ने अपने कार्यकाल में सैकड़ों जरुरत मंद लोगों की कोर्ट में पैरवी करके लोगो को न्याय दिलाने का काम किया और जरुरत मंद लोगो के लिए आज भी अपनी निशुल्क प्रदान सेवाए दे रहे है। सीनियर एडवोकेट अमित राणा ने कोरोना काल में वकीलों की मदद करने का काम किया खासकर जरूरतमंद वकीलों को सहायता राशि दिलवाने का भी काम किया। अमित राणा इससे पहले दिल्ली बार कौंसिल आफ इण्डिया के को-चेयरमैन रह चुके है। उनकी सगी बहन बलिना हौडल में एसडीएम के पद पर कार्यरत है और उनके छोटे भाई आदित्य राणा पंचकूला नगर निगम में डिप्टी डीए के पद पर पंचकूला में कार्यरत हैं।

## लो कॉस्ट टीएलएम इंग्लिश लैंग्वेज कंपटीशन का आयोजन

# लागत वाले संसाधनों को प्राथमिकता दें शिक्षक

- अंग्रेजी भाषा में दक्षता के लिए खंड हिसार प्रथम की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

खंड हिसार प्रथम में अंग्रेजी विभाग के द्वारा लो कॉस्ट टीएलएम इंग्लिश लैंग्वेज कंपटीशन का आयोजन किया गया। अंग्रेजी भाषा में दक्षता के लिए यह पहल खंड हिसार प्रथम के द्वारा की गई है जिसमें सभी अध्यापकों को कम लागत वाले संसाधन बनाने के लिए प्रेरित किया गया । सक्षम सहयोगी बीआरपी अंग्रेजी नीलम ने बताया कि यह प्रतियोगिता अध्यापकों तथा छात्रों के अंग्रेजी शिक्षण कौशल को बढ़ावा देने के लिए करवाई जा रही है।



हिसार। शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो :हरिभूमि*

खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह, डीपीसी राम रतन, डिप्टी डीईओ विजेंद्र सिंह, एपीसी ललित कुमार, संपर्क फाउंडेशन से विष्णु मिश्रा आदि ने अंग्रेजी भाषा में दक्षता के लिए प्रेरित किया। डाइट मात्रश्याम से अंग्रेजी विषय विशेषज्ञा गीता सहरावत, पीएम श्री गंगवा से कमलेश रानी तथा बीआरपी इंग्लिश नीलम ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई तथा वर्तमान जीवन में अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता के महत्व को बताया।

### अंग्रेजी भाषा शिक्षक सामग्री प्रदर्शित

विभिन्न जेबीटी, टीजीटी तथा पीजीटी अंग्रेजी अध्यापकों के द्वारा इंग्लिश कैलेंडर, स्टोरी मॉडल, टेंस, वर्ब, बोतल से बना अल्फाबेट मॉडल, वावेल मॉडल, प्रीपोजिशन मॉडल, एक्शन वर्ड, नाउन, प्रोनाउन, नंबर- जेंडर , सेंटेंस, इंग्लिश पोयम एक्टिविटीज, साथ ही साथ लकड़ी, गत्ता, प्लास्टिक, बांस कागज़ कपड़ा और वेस्ट मैटेरियल से निर्मित अंग्रेजी भाषा शिक्षक सामग्री प्रदर्शित की गई। बच्चों के शैक्षणिक स्तर के अनुसार उपयोगी सामग्री बनाने वाले अध्यापकों को डीपीसी, डिप्टी डीईओ, तथा बीआरपी अंग्रेजी के द्वारा सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला सम्मान

शिक्षक अनिल कुमार जीपीएस मिर्जापुर, मीनाक्षी, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार जीपीएस लाडवा, सुशीला पीएमश्री मंगाली, ईशू टीजीटी बाड्या ब्राह्मण, सतवीर कुमार टीजीटी कैमरी, तेजप्रीत सिंह पटेल नगर, प्रदीप कुमार नियाणा, सुनीता वर्मा प्राथमिक विद्यालय गंगवा ढाणी-1, प्रीति चहल पीजीटी अंग्रेजी राजकीय वरिष्ठ विद्यालय मिर्जापुर, विकास गोदारा टीजीटी, ममता टीजीटी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ विद्यालय जहाजपुल, सुरेंद्र टीजीटी राजकीय वरिष्ठ विद्यालय नियाणा, शिवांगी टीजीटी, सीता वर्मा पीजीटी अंग्रेजी शिवनगर, मंजू प्राथमिक विद्यालय एचएयू, कृष्णा देवी टीजीटी अंग्रेजी राजकीय वरिष्ठ विद्यालय सातरोड खुर्द, बबीता प्राथमिक विद्यालय खरड अलीपुर आदि शामिल है।



हिसार। हवाई जहाज की टिकट के साथ बुजुर्ग व अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने 21 बुजुर्गों को अयोध्या आने-जाने की मुफ्त हवाई टिकट सौंपी

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने हवाई जहाज द्वारा बुजुर्गों को मुफ्त अयोध्या धाम भेजने के अपने निर्णय अनुसार बुजुर्गों को टिकट सौंप दिए। अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भगवान श्रीराम के दर्शन के लिये हवाई टिकटें देने के लिये बुजुर्गों को बुलाया गया था। ऐन मौके पर पता चला कि सुरक्षा कारणों से हवाई यात्रा को आगामी आदेशों तक कैंसिल कर दिया गया है। आज जाने वाले पांच बुजुर्गों सहित इस माह जाने वाले सभी 21 बुजुर्गों को हवाई जहाज के आने-जाने के टिकट सौंप दिए गए। आज जाने वाले पांच बुजुर्ग अयोध्या जाने की तैयारी करके आए थे लेकिन मौके पर फ्लाइट रद होने की सूचना मिली। इस मौके पर रामनिवास कोहलीवाला, एनके गोयल, सज्जन मित्तल, प्रवीन गर्ग झंडू, प्रवीन कुमार जैन, दीपक गर्ग, कृष्ण खारिया, सत्यपाल अग्रवाल, दुनीचंद गोयल, संजय डालमिया, अभिमन्यु बंसल, रम्मी गुप्ता, लीना सिंगला, नेहा मेहता, सुनीता जिंदल मौजूद रही।